unicef for every child | NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | उत्तर प्रदेश सरकार | स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर | World Health Organization India

कोरोना वायरस संक्रमण का खतरा घटाएं
ये सरल उपाय अपनाएं

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

बार-बार साबुन और पानी से हाथ धोएं

खांसने और छींकने पर मुंह और नाक को रुमाल या टिश्यू से ढकें



जिन व्यक्तियों को खांसी, सांस लेने में परेशानी या बुखार हो, उनके निकट संपर्क से बचें और दूरी बनाएं

अपनी आँख, नाक और मुंह को छूने से बचें

संयम बनाए रखें !
सरकार द्वारा कोरोना वायरस की रोकथाम और नियंत्रण के लिए यथोचित प्रयास किए जा रहे हैं

प्रदेश की समस्त जनपदों में विदेश यात्रा से लौट रहे COVID-19 के संभावित रोगियों की पहचान, रोग की रोकथाम बचाव एवं उपचार के लिए दिशानिर्देश उपलब्ध करा दिए गए हैं

800 अधिकारियों/कर्मचारियों का COVID-19 के रोगी की पहचान करने, नमूना एकत्रित करना एवं नमूने के परिवहन हेतु संवेदीकरण किया जा चुका है

प्रत्येक जनपद पर संभावित रोगी के नमूने एकत्रित कर उन्हें वायरोलॉजी प्रयोगशाला पर भेजने की व्यवस्था की जा चुकी है

प्रदेश के सभी मंडलीय/जिला स्तरीय अस्पताल तथा मेडिकल कॉलेज किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। आवश्यकतानुसार एकांतवास में इलाज हेतु 820 शैय्या उपलब्ध

प्रदेश के समस्त एयरपोर्ट- लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर एवं आगरा पर, और इंडो-नेपाल बॉर्डर के 19 चेक पोस्ट पर चिकित्सीय दल एवं डेडीकेटेड एंबुलेंस उपलब्ध

अगर खाँसी, बुखार या साँस लेने में परेशानी हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

यदि आप पिछले 14 दिनों में विदेश से लौटे हैं या कोरोना वायरस संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं तो:

खाँसी या बुखार के लक्षण होने पर, या साँस लेने में तकलीफ होने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें, आवश्यकतानुसार आपके लैब टेस्ट करवाए जाएंगे

यदि खाँसी, बुखार या साँस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण नहीं भी हैं तो भी घर में और बाहर अन्य लोगों से संपर्क सीमित करें

यात्रा के 28 दिन के भीतर यदि आपको खाँसी, बुखार या साँस लेने में तकलीफ महसूस हो तो स्वास्थ्य विभाग की टोल फ्री हेल्पलाइन पर कॉल करें

24X7 **1800-180-5145** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश की टोलफ्री हेल्पलाइन

अधिक जानकारी के लिये संपर्क करें 0522-2230006, 0522-2230009, 0522-2616482